**ओ एस डी ए वी पब्लिक स्कूल,कैथल**
**सितंबर परीक्षा ,2024**
**कक्षा : दसवीं**
**विषय : हिंदी**

**Set - B**

**समय: 3 घंटे** **M.M. : 80**

सामान्य निर्देश:-
• सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।
•सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
•निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए

| Q.No. | **खंड (क) अपठित बोध** | |
|---|---|---|
| 1 | अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उचित विकल्प चुनिए | 1×3<br>2×2 |

अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार, बाल श्रम को इस प्रकार परिभाषित किया गया है वह काम जो बच्चों को उनके बचपन उनकी क्षमता और गरिमा से वंचित करता है, और जो शारीरिक और मानसिक विकास के लिए हानिकारक है।"एक सामाजिक बुराई के रूप में संदर्भित, भारत में बाल श्रम एक अनिवार्य मुद्दा है जिससे देश वर्षों से निपट रहा है। लोगों का मानना है कि बाल-श्रम जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने का दायित्व सिर्फ सरकार का है। यदि सरकार चाहे तो कानून का पालन न करने वालों एवं कानून भंग करने वालों को सजा देकर बाल-श्रम को समाप्त कर सकती है, किंतु वास्तव में यह केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि इसे सभी सामाजिक संगठनों, मालिकों, और अभिभावकों द्वारा भी समाधित करना चाहिए। हमारे घरों में, ढाबों में, होटलों में, कारखानों में अनेक बाल-श्रमिक मिल जाएँगे, जो कड़ाके की ठंड और तपती धूप की परवाह किए बिना काम करते हैं। विकासशील देशों में गरीबी और उच्च स्तर की बेरोजगारी बल श्रम का मुख्य कारण है। बाल मजदूरी इंसानियत के लिए अपराध है जो समाज के लिए श्राप बनती जा रही है तथा जो देश की वृद्धिऔर विकास में बाधक के रूप में बड़ा मुद्दा है। हमें सोचना होगा कि सभ्य समाज में यह अभिशाप क्यों मौजूद है? जिस उम्र में बच्चों को सही शिक्षा मिलनी चाहिए, खेलकूद के माध्यम से अपने मस्तिष्क का विकास करना चाहिए उस उम्र में बच्चों में काम करवाने से बच्चों का शारीरिक, मानसिक, बौधिक और सामाजिक विकास रुक जाता है। शिक्षा का अधिकार मूल अधिकार होता है। शिक्षा से किसी भी बच्चे को वंचित रखना अपराध माना जाता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि सरकारी स्तर से लेकर व्यक्तिगत स्तर तक सभी लोग इसके प्रति सजग रहें और बाल-श्रम के कारण बच्चों का बचपन न छिन जाए, इसके लिए कुछ सार्थक पहल करें। आम आदमी को भी बाल मजदूरी के विषय में जागरूक होना चाहिए और अपने समाज में इसे होने से रोकना चाहिए। बालश्रम को खत्म करना केवल सरकार का ही कर्तव्य नहीं है हमारा भी कर्तव्य है कि हम इस अभियान सरकार का पूरा साथ दें।

**(i) गद्यांश के आधार पर बताइए कि बाल-श्रम जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने के लिए लोगों की सोच है-**
(क) बाल-श्रम को समाप्त करना केवल समाजसेवी संस्थाओं का दायित्व है।
(ख) बाल-श्रम को समाप्त करना केवल जनता का दायित्व है।
(ग) बाल-श्रम को समाप्त करना केवल सरकार का दायित्व है।
(घ) बाल-श्रम को समाप्त करना केवल अभिभावकों का दायित्व है।

**(ii) कथन और कारण को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-**
**कथन- बाल-श्रम जैसे सामाजिक अभिशाप से देश को नुकसान होता है।**
**कारण बाल-श्रम से देश का आने वाला कल अंधकार की ओर जाने लगता है।**
(क) कथन गलत है, किंतु कारण सही है।
(ख) कथन और कारण दोनों ही गलत हैं।
(ग) कथन सही है और कारण कथन की सही व्याख्या है।
(घ) कथन सही है, किंतु कारण कथन की सही व्याख्या नहीं है।

| | | |
|---|---|---|
| | **(iii) कथन (I) बालश्रम बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए हानिकारक है।**<br>**कथन (II) बाल श्रम देश की वृद्धि और विकास के लिए आवश्यक है।**<br>**उपर्युक्त कथनों के आधार पर सही विकल्प का चयन कीजिए।**<br>(क) कथन (I) और (II) दोनों सही हैं। (ख) कथन (I) सही और (II) गलत हैं।<br>(ग) कथन (I) गलत और (II) सही है। (घ) कयन (I) और (II) दोनों गलत हैं।<br>**(iv) बच्चों को बाल-श्रम के लिए विवश क्यों किया जाता है?**<br>**(v) घरों में, ढाबों में, होटलों में और कारखानों में अनेक बाल-श्रमिकों को काम करता देखकर भी हम उदासीन क्यों रहते हैं?** | |
| 2 | **निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित दिए गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनिए-**<br>पूर्व चलने के बटोही, बाट की पहचान कर ले।<br>पुस्तकों में है नहीं छापी गई उसकी कहानी,<br>हाल इसका ज्ञात होता है न औरों की ज़बानी।<br>अनगिनत राही गए इस राह से उनका पता क्या-<br>पर गए कुछ लोग इस पर छोड़ पैरों की निशानी ।<br>यह निशानी मूक होकर भी बहुत कुछ बोलती है,<br>खोल इसका अर्थ पंथी, पंथ का अनुमान कर ले।<br>पूर्व चलने के बटोही, बाट की पहचान कर ले।<br>यह बुरा है या कि अच्छा, व्यर्थ दिन इस पर बिताना,<br>जो असंभव, छोड़ वह पथ, दूसरे पर पग बढ़ाना।<br>तू इसे अच्छा समझ, यात्रा सरल इससे बनेगी<br>सोच मत केवल तुझे ही, यह पड़ा मन में बिठाना।<br>हर सफल पंथी यही विश्वास ले इस पर बढ़ा है,<br>तू इसी पर आज अपने चित्त का अवधान कर ले।<br>पूर्व चलने के बटोही, बाट की पहचान कर ले।<br>**(1) 'पूर्व चलने के बटोही' में 'बटोही' शब्द का पर्याय है-**<br>(क) राह (ख) राहगीर (ग) बांटना (घ) बांटने वाला<br>**(ii) 'छोड़ पैरों की निशानी' से तात्पर्य है-**<br>(क) महान लोगों के चरण-चिह्न (ख) सबके पैरों के निशान<br>(ग) महापुरुषों के अच्छे कार्यों की यादें (घ) पैरों की आवाजें<br>**(iii) कथन और कारण पर विचार करते हुए सही विकल्प चुनिए-**<br>**कथन : किसी भी कार्य को करने से पहले उसे अच्छे से समझ लेना चाहिए।**<br>**कारण : अपना काम स्वयं करना चाहिए।**<br>(क) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।<br>(ख) कथन गलत है, किंतु कारण सही है।<br>(ग) कथन व कारण सही हैं और कथन, कारण की सही व्याख्या है।<br>(घ) कथन व कारण सही हैं और कथन, कारण की सही व्याख्या नहीं है।<br>**(iv) किस बात के लिए दिन व्यर्थ नहीं बिताना चाहिए?**<br>**(v) यात्रा सरल कैसे बन सकती है?** | 1×3<br>2×2 |
| 3 | **<u>खंड-'ख'(व्यावहारिक व्याकरण)</u>**<br>**रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**<br>(क) रोपनी करने वालों की उंगलियां एक अजीब क्रम से चलने लगती है-रचना के आधार पर वाक्य भेद लिखिए।<br>(ख) 'बारिश शुरू होते ही बिजली चमकने लगी। (इस वाक्य को मिश्र वाक्य में लिखिए।)<br>(ग) नेताजी की आँखों पर चश्मा तो था लेकिन संगमरमर का नहीं था। (इस वाक्य को सरल वाक्य में लिखिए।)<br>(घ) उस जमाने में घर की दीवारें घर तक ही समाप्त न होकर पूरे मोहल्ले तक फैली रहती थी। (इस वाक्य को संयुक्त वाक्य में बदलिए।) | 1×4 |
| 4 | **'वाच्य' पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**<br>(क) मैं चल नहीं सकती। (इस वाक्य को भाववाच्य में बदलिए।)<br>(ख) बालगोबिन भगत जी ने पुत्र की मृत्यु पर पुत्रवधू को रोने के स्थान पर उत्सव मनाने के लिए कहा। (इस वाक्य में कौन-सा वाच्य है।)<br>(ग) अंग्रेजी का यह उपन्यास मुझसे नहीं पढ़ा जाता। (इस वाक्य को कर्तृवाच्य में बदलिए) | 1×4=4 |

| | | |
|---|---|---|
| | (घ) आपने कविताएं लिखी होगी।( इस वाक्य को कर्मवाच्य में बदलिए। | |
| 5 | **पद परिचय पर आधारित रेखांकित पदों के उत्तर दीजिए-**<br>(क) मैं निबंध लिख रही हूँ। (ख) गीता मुंबई जा चुकी है।<br>(ग)बीस बच्चों ने अपना काम पूरा कर लिया । (घ)नवाब साहब थककर लेट गए। | 1×4=4 |
| 6 | **अलंकार पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए**<br>(क) यह देखिए अरविंद से शिशु वृंद कैसे सो रहे। (ख) हिमकणों से पूर्ण मानो हो गए पंकज नए।<br>(ग) प्रीति -नदी में पाऊँ न बोरयों, दृष्टि न रूप परागी।' (घ) हरषाया ताल लाया पानी परात भरके। | 1×4=4 |
| 7 | **खंड ग (पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक)**<br>**निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए**<br>- हम गौर कर रहे थे, खीरा इस्तेमाल करने के इस तरीके को खीरे की सुगंध और स्वाद की कल्पना से संतुष्ट होने का सूक्ष्म, नफ़ीस या एब्स्ट्रैक्ट तरीका ज़रूर कहा जा सकता है, परंतु क्या ऐसे तरीके से उदर की तृप्ति भी हो सकती है? नवाब साहब की ओर से भरे पेट के ऊँचे डकार का शब्द सुनाई दिया और नवाब साहब ने हमारी ओर देखकर कह दिया, 'खीरा लज़ीज़ होता है लेकिन होता है सकील, नामुराद मेदे पर बोझ डाल देता है।'ज्ञान-चक्षु खुल गए! पहचाना-ये हैं नई कहानी के लेखक !<br>(1) लेखक ने किसे शिष्टता और कोमलता का तरीका कहा है?<br>(क) खीरे को धीरे-धीरे तौलिये से साफ करने को ।<br>(ख) खीरे की फाँकों को सावधानी से काटने को।<br>(ग) खीरे को खाकर स्वाद प्राप्त करने को।<br>(घ) काटना, नमक-मिर्च डालकर खीरे को सूंघकर फेंक देने को।<br>(ii) लेखक के अनुसार सूक्ष्म तरीका क्या है।<br>(क) केवल खाकर संतुष्टि प्राप्त करना (ख) केवल सूँघकर संतुष्टि प्राप्त कर लेना<br>(ग) केवल देखकर संतुष्टि प्राप्त करना (घ) केवल फेंककर संतुष्टि प्राप्त करना<br>( iii) नवाब साहब ने खीरे के बारे में क्या बताया?<br>(क) खीरा लजीज होता है। (ख) उसे देखते ही मुँह में पानी आ जाता है।<br>(ग) उसे खाने की इच्छा होती है। (घ) उपर्युक्त सभी।<br>(iv ) खीरे से क्या परेशानी होती है?<br>(क) यह महंगा होता है। (ख) यह जल्दी खराब होता है।<br>(ग) यह आमाशय पर बोझ डालता है। (घ) इनमें से कोई नहीं।<br>( v) 'ज्ञान-चक्षु खुल गए।'-लेखक ने ऐसा क्यों कहा<br>(क) लेखक को नया ज्ञान प्राप्त हुआ। (ख) लेखक ने जाना कि इच्छा-मात्र से नई कहानी बन सकती है।<br>(ग) लेखक को खीरे के महत्व के बारे में पता चला। (घ) उन्हें खीरे के लाभ के बारे में पता चला। | 1×5=5 |
| 8 | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 से 30 शब्दों में लिखिए :-**<br>(क) 'नेताजी का चश्मा 'पाठ में बच्चों द्वारा मूर्ति पर सरकंडे का चश्मा लगाना क्या प्रदर्शित करता है?<br>(ख) बालगोबिन भगत की दिनचर्या लोगों के लिए अचरज का कारण क्यों थी?<br>(ग)महानगरों के 'फ्लैट कल्चर 'और लेखिका मन्नू भंडारी के पड़ोस कल्चर में क्या अंतर दिखाई देता है ? विचार करते हुए लिखिए। | 2×3 |
| 9 | **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए-**<br>किंतु कहीं ऐसा न हो कि तुम ही खाली करने वाले- अपने को समझो, मेरा रस ले अपनी भरने वाले।<br>यह विडंबना! अरी सरलते तेरी हँसी उड़ाऊँ मैं । भूलें अपनी या प्रवंचना औरों की दिखलाऊँ मैं।<br>उज्ज्वल गाथा कैसे गाऊँ, मधुर चाँदनी रातों की। अरे खिल-खिला कर हँसते होने वाली उन बातों की।<br>(1) आत्मकया लिखने में कवि को क्या कठिनाइयाँ आ रही हैं?<br>क) कवि को धोखा देने वाले मित्रों का पर्दाफाश होगा<br>ख) स्वभावगत सरलता के कारण धोखा खाने का वर्णन<br>(ग) प्रेमिका के साथ बिताए गए निजी पलों को सार्वजनिक करने की कठिनाई | 1×5 |

| | | |
|---|---|---|
| | (घ) उपर्युक्त सभी<br>(ii) कवि ने किस पर व्यंग्य किया है?<br>(क) अपनी प्रेमिका पर (ख) अपनी पत्नी पर (ग) अपने मित्रों पर (घ) लोगों की सोच पर<br>(iii) कवि मधुर चाँदनी रातों की गाथा क्यों नहीं गाना चाहता ?<br>क) उनका मन नहीं ख) उनके पास समय नहीं<br>ग) वे पल उनकी निजी पूँजी हैं घ) वे अपने जीवन में खुश हैं<br>iv)'मेरा रस ले अपनी भरने वाले' पंक्ति का आशय है-<br>(क) किसी ने कवि को धोखा देकर उनकी संपत्ति हड़प ली है।<br>(ख) किसी ने कवि के साथ विश्वासघात किया और स्वयं सुखी जीवन जी रहा है।<br>(ग) किसी ने कवि की साहित्यिक रचनाओं को अपने नाम कर लिया है।<br>(घ) कवि की प्रेमिका ने उनके साथ धोखा किया है।<br>V). कवि अपनी आत्मकथा क्यों नहीं लिखना चाहते ? अनुपयुक्त विकल्प छाँटकर लिखिए-<br>(क) वे अपनी भूलें गिनाना नहीं चाहते<br>ख) वे दूसरों के छल-प्रपंच को प्रकट करना नहीं चाहते<br>(ग) वे अपनी अतीत की मधुर स्मृतियों को अभिव्यक्त करना नहीं चाहते।<br>(घ) वे अपनी उपलब्धियों को गिनाना नहीं चाहते | |
| 10 | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 से 30 शब्दों में लिखिए-**<br>क) सूरदास के 'पद 'कविता के आधार पर 'जिनके मन चकरी 'के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है?<br>ख) परशुराम के क्रोध करने पर लक्ष्मण ने धनुष के टूट जाने के लिए कौन-कौन से तर्क दिए?<br>ग)कृष्ण के प्रति अपने अनन्य प्रेम को गोपियों ने किस प्रकार अभिव्यक्त किया है? | 2×3 |
| 11 | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 6 से 7 पंक्तियों में दें –**<br>i) एक संवेदनशील युवा नागरिक की हैसियत से विज्ञान दुरुपयोग रोकने में आप की क्या भूमिका हो सकती है?<br>ii) मां के प्रति अधिक लगाव न होते हुए भी विपत्ति के समय भोलानाथ मां के आंचल में ही प्रेम और शांति पाता है। ऐसा सभी बच्चों के साथ होता है। आप बड़े होकर अपनी मां का सहारा कैसे बनेंगे? | 2×4 |
| 12 | **खंड घ (रचनात्मक लेखन)**<br>**निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए।**<br>क) करत-करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान<br>संकेत बिंदु -अभ्यास का महत्व, इससे होने वाले लाभ, अभ्यास की सीमा का कोई अंत नहीं अभ्यास से संबंधित महान व्यक्तियों के उदाहरण, निष्कर्ष<br>ख) वर्तमान जीवन शैली और स्वास्थ्य (संकेत बिंदु:-भूमिका,प्रभाव ,कारण, बचाव।)<br>ग) मोबाइल फोन: लाभ या हानि<br>संकेत बिंदु-विज्ञान की अनोखी देन ,सूचना क्रांति में महत्वपूर्ण भूमिका ,लाभ -हानि , विवेकपूर्ण प्रयोग करने की सलाह | 6 |
| 13 | प्लास्टिक की चीजों से हो रही हानि के बारे में किसी समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखकर अपने सुझाव दीजिए। **अथवा**<br>विद्यालय के गेट पर आधी छुट्टी के समय ठेले और रेहड़ी वालों द्वारा जंक फूड बेचे जाने की शिकायत करते हुए प्रधानाचार्य को पत्र लिखकर उन्हें रोकने का अनुरोध कीजिए। | 5 |
| 14 | अपने मुख्याध्यापक को छात्रवृत्ति के लिए ईमेल लिखिए। **अथवा**<br>वन महोत्सव के अवसर पर आप वृक्षारोपण करना चाहते हैं ।पौधों की व्यवस्था करने के लिए अनुरोध करते हुए नगर के उद्यान अधिकारी को ईमेल लिखिए। | 5 |
| 15 | आपका मित्र विदेश यात्रा पर जा रहा है विदेश यात्रा जाते हुए मित्र को शुभकामना संदेश लिखिए।<br>**अथवा**<br>शिक्षक दिवस पर अपने अध्यापक को शुभकामना संदेश लिखिए। | 4 |

**ओ एस डी ए वी पब्लिक स्कूल,कैथल**
**(सितंबर परीक्षा ,2024)**
**कक्षा : दसवीं**
**विषय : हिंदी**

SET - A

**समय: 3 घंटे** M.M. : 80

सामान्य निर्देश:-
- सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।
- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
- निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए

| Q.No. | **खंड (क) अपठित बोध** | |
|---|---|---|
| 1 | **निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**<br><br>भारत एक विशाल देश है। यहाँ के विभिन्न राज्यों की अपनी क्षेत्रीय भाषाएँ हैं। स्वतंत्रता के पश्चात से मातृभाषा को प्रोत्साहित करने की बातें चर्चा में रही हैं। परंतु इनके विकास के लिए कोई ठोस उपाय नहीं किए गए। इसके कारण प्रत्येक क्षेत्र में विदेशी भाषा अंग्रेज़ी का वर्चस्व स्थापित हो गया। नेल्सन मंडेला ने कहा था कि किसी भी व्यक्ति के सोचने की प्रक्रिया अपनी मातृभाषा में होती है। अगर किसी व्यक्ति से उसकी मातृभाषा में बात करें तो वह बात दिल तक पहुँचती है। यह सर्वविदित है कि मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करना अत्यंत सहज एवं सुगम होता है। अपनी मातृभाषा में विद्यार्थी किसी भी विषय को सरलता से समझ लेता है जबकि अन्य भाषाओं में उसे कठिनाई का सामना करना पड़ता है। विश्वभर के शिक्षाविदों ने मातृभाषा में शिक्षा प्रदान किए जाने को महत्त्व दिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार अपनी मातृभाषा में चिकित्सा की पढ़ाई करवाने वाले देशों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था की स्थिति अन्य देशों की तुलना में अच्छी है। चीन, रूस, जर्मनी, फ्रांस और जापान सहित अनेक देश अपनी मातृभाषा में शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। सर्वविदित है कि ये देश लगभग प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी हैं। इन देशों ने अपनी मातृभाषा में शिक्षा प्रदान करके ही उन्नति प्राप्त की है। यदि स्वतंत्रता के पश्चात भारत में भी मातृभाषा में चिकित्सा एवं तकनीकी शिक्षा प्रदान की जाती तो हम आज विश्व में और अधिक बेहतर स्थिति में होते। वर्तमान में इस दिशा में ठोस और क्रांतिकारी कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।<br>(i) स्वास्थ्य और चिकित्सा की दृष्टि से कौन-से देश अच्छी स्थिति में हैं?<br>(क) मातृभाषा में चिकित्सीय शिक्षा देने वाले देश ।<br>(ख) अपनी राष्ट्रभाषा को मातृभाषा बनाने वाले देश ।<br>(ग) राष्ट्रभाषा और मातृभाषा को समान मानने वाले देश ।<br>(घ) अंग्रेजी भाषा से दूरी बनाने वाले देश ।<br>(ii) 'मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करना आसान होता है।' इस कथन के पक्ष में निम्नलिखित में से कौन-सा /कौन-से तर्क सही है/हैं?<br>1. मातृभाषा में प्राप्त ज्ञान को समझना सरल है।<br>2. मातृभाषा में प्राप्त ज्ञान को समझना जटिल है।<br>3. मातृभाषा अन्य भाषाओं से सरल-स्वरूप होती है।<br>4. मातृभाषा और दूसरी भाषाओं में कोई अंतर नहीं है।<br>विकल्प<br>(क) (1) सही है (ख) (3) सही है। (ग) (1) और (2) सही हैं। (घ) (1) और (4) सही हैं।<br>(iii) कथन और कारण को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-<br>कथन -भारत में शिक्षा के माध्यम में बदलाव वर्तमान की आवश्यकता है।<br>कारण -शिक्षा के माध्यम के प्रति दृष्टिकोण समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकता है।<br>(क) कथन गलत है, किंतु कारण सही है।<br>(ख) कथन और कारण दोनों ही गलत हैं। | 1×3<br>2×2 |

| | | |
|---|---|---|
| | (ग) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या है।<br>(घ) कथन सही है किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है।<br>(iv) भारत में क्षेत्रीय भाषाओं के अपेक्षाकृत कम विकसित होने के क्या कारण हैं?<br>(v) किसी भी देश के आधारभूत विकास के लिए क्या आवश्यक है? | |
| 2 | **2 निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**<br>हम धरती के बेटे बड़े कमेरे हैं।<br>उठते बड़े सवेरे हैं।।<br>कभी न मेहनत से डरते हैं<br>चाहे झर-झर बरसे पानी<br>तूफानों के मुँह फेरे हैं।<br>हमको गरज नहीं दफ्तर से<br>सीधे-सादे, भोले-भाले<br>जिनमें बीज बिखेरे हैं।<br>गाते नई फसल के रसिया<br>दूर-दूर तक भूख मिटाते<br>कहते हैं बहुतेरे हैं<br>भरी थकन में सोते फिर भी-<br>भरी थकन में सोते फिर भी-<br>धरती की सेवा करते हैं<br>लू हो चाहे ठण्ड सयानी<br>ये तो मौसम हैं हमने<br>खेत लगे हैं अपने घर से<br>दूर शहर से रहने वाले<br>रखवाले अपने खेतों के<br>हाथों में लेकर हल-हँसिया<br>धरती को साड़ी पहनाते<br>मुट्ठी पर दानों को रखकर<br>हम धरती के बेटे बड़े कमेरे हैं।<br>उठते बड़े सवेरे हैं।।<br>(1) 'हम घरती के बेटे बड़े कमरे हैं।' में कमेरे से आशय है -<br>(क) परिश्रमी (ख) काम के (ग) किसान (घ) मजदूर<br>(ii) कथन और कारण को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए -<br>कथन – हमारे घर खेतों के पास स्थित होते हैं।<br>कारण – हमारे घर शहरों से दूर होते हैं।<br>(क) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।<br>(ख) कथन गलत है, किंतु कारण सही है।<br>(ग) कथन व कारण सही हैं और कथन, कारण की सही व्याख्या है।<br>(घ) कथन व कारण सही हैं और कथन, कारण की सही व्याख्या नहीं है।<br>(iii) 'हम किसानों ने धरती को फसलों के आवरण से ढक दिया है।' निम्नलिखित किस पंक्ति का यह आशय है-<br>(क) तूफानों के मुँह फेरे हैं (ख) रखवाले अपने खेतों के<br>(ग) धरती को साड़ी पहनाते (घ) दूर-दूर तक भूख मिटाते<br>(iv) कवि ने किसानों को 'फसलों का रसिया' क्यों कहा है?<br>(v) किसान 'धरती की सेवा' कैसे करते हैं। | 1×3<br>2×2 |
| 3 | **<u>खंड-'ख'(व्यावहारिक व्याकरण)</u>**<br>**रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**<br>(क) बिस्मिल्ला खाँ के परदादा उस्ताद सलार हुसैन खाँ डुमराव निवासी थे। (रचना के आधार पर वाक्य भेद लिखिए)<br>(ख) 'सूर्योदय हुआ और पक्षी चहचहाने लगे। (इस वाक्य को मिश्र वाक्य में लिखिए)<br>(ग) जैसे ही अध्यापक जी कक्षा में आए, उन्होंने पढ़ाना शुरू कर दिया।<br>(इस मिश्र वाक्य को सरल वाक्य में लिखिए)<br>(घ) भोर होने पर भी लोगों ने बालगोबिन भगत का गीत नहीं सुना।<br>(इस वाक्य को संयुक्त वाक्य में बदलिए) | 1×4 |
| 4 | **'वाच्य' पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**<br>(क) हम यहाँ अधिक देर नहीं ठहर सकेंगे। (इस वाक्य को भाववाच्य में बदलिए।)<br>(ख) बालगोबिन भगत जी ने पुत्र की मृत्यु पर पुत्रवधू को रोने के स्थान पर उत्सव मनाने के लिए कहा। (इस वाक्य में कौन-सा वाच्य है।) | 1×4=4 |

| | | |
|---|---|---|
| | (ग) मन्नू भंडारी के द्वारा पारिभाषिक अर्थ में कोई सिलसिलेवार आत्मकथा नहीं लिखी गई है।<br>(इस वाक्य को कर्तृवाच्य में बदलिए)<br>(घ) नवाब साहब ने संगति के लिए उत्साह नहीं दिखाया। इस वाक्य को कर्मवाच्य में बदलिए। | |
| 5 | **पद परिचय पर आधारित रेखांकित पदों के उत्तर दीजिए-**<br>(क)**हर्षिता** निबंध लिख रही है।<br>(ख) **वह** मुंबई जा चुकी है।<br>(ग)सभी बच्चों ने अपना काम पूरा कर लिया ।<br>(घ) मैं दसवीं कक्षा में पढ़ता हूं। । | |
| 6 | **अलंकार पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए**<br>(क) कोटि-कुलिस सम वचन तुम्हारा।<br>(ख) सोहत ओढ़े पीत पट श्याम सलोने गात।<br>मनो नीलमणि सैल पर आतप परयो प्रभात ।<br>(ग) लो यह लतिका भी भर लाई,मधु मुकुल नवल रस गागरी।<br>(घ) भूप सहस दस एक ही बारा। | 1×4=4 |
| 7 | **खंड ग (पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक)**<br>निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए<br>गाडी छूट रही थी। सेकंड क्लास के एक छोटे डिब्बे को खाली समझकर, जरा दौडकर उसमें चढ़ गए। अनुमान के प्रतिकूल डिब्बा निर्जन नहीं था। एक बर्थ पर लखनऊ की नवाबी नस्ल के एक सफेदपोश सज्जन बहुत सुविधा से पालथी मारे बैठे थे। सामने दो ताजे-चिकने खीरे तौलिए पर रखे थे। डिब्बे में हमारे सहसा कूद जाने से सज्जन की आँखों में एकांत चिंतन में विघ्न का असंतोष दिखाई दिया। सोचा, हो सकता है, यह भी कहानी के लिए सूझ की चिंता में हों या खीरे-जैसी अपदार्थ वस्तु का शौक करते देखे जाने के संकोच में हों। नवाब साहब ने संगति के लिए उत्साह नहीं दिखाया। हमने भी उनके सामने की बर्थ पर बैठकर आत्मसम्मान में आँखें चुरा लीं।<br>(1) सेकंड क्लास के उस डिब्बे के विषय में लेखक का क्या अनुमान था ?<br>(क) डिब्बा भरा हुआ होगा। (ख) डिब्बे में कम लोग होंगे।<br>(ग) डिब्बा पूर्णतः खाली होगा। (घ) डिब्बे में दो-चार लोग होंगे।<br>(ii) लेखक का अनुमान गलत कैसे हो गया ?<br>(क) डिब्बे में बहुत-से लोग थे। (ख) डिब्बे में नबाव साहब बैठे थे।<br>(ग) डिब्बे में उनके मित्र थे। (घ) डिब्बा निर्जन नहीं था।<br>(iii) सज्जन के सामने क्या रखा था?<br>(क) तौलिया रखा हुआ था । (ख)फल रखे हुए थे ।<br>(ग)तौलिए पर सब्जी थी। (घ)दो ताजे चिकने खीरे तौलिए पर रखे थे ।<br>(iv)डिब्बे में बैठे नवाब की आंखों में लेखक को देखते ही असंतोष क्यों उबरा?<br>(क) उनके एकांत चिंतन में बाधा उत्पन्न हो गई । (ख)वे अकेले ही रहना चाहते थे।<br>(ग) वह अपने मित्र के साथ यात्रा करना चाहते थे । (घ)वह लेखक को पसंद नहीं करते थे।<br>(v.)नवाब साहब ने किसके लिए उत्साह नहीं दिखाया ?<br>(क)खीरा खाने के लिए (ख)यात्रा के लिए<br>(ग)लेखक से मेलजोल बढ़ाने के लिए (घ)बातचीत के लिए | 1×5=5 |
| 8 | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 से 30 शब्दों में लिखिए**<br>(क)“वो लंगड़ा क्या जाएगा फौज में ।पागल है पागल ।”कैप्टन के प्रति पान वाले की इस व्यंग्यात्मक टिप्पणी पर अपनी प्रतिक्रिया लिखिए।<br>(ख) बालगोबिन भगत पाठ में किन सामाजिक रूढ़ियों पर प्रहार किया गया है? | 2×3 |

| | | |
|---|---|---|
| | (ग)महानगरों के 'फ्लैट कल्चर 'और लेखिका मन्नू भंडारी के पड़ोस कल्चर में क्या अंतर दिखाई देता है ?विचार करते हुए लिखिए। | |
| 9 | **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए-**<br>मधुप गुन-गुना कर कह जाता कौन कहानी यह अपनी,<br>मुरझाकर गिर रहीं पत्तियाँ देखो कितनी आज घनी।<br>इस गंभीर अनंत-नीलिमा में असंख्य जीवन-इतिहास<br>यह लो, करते ही रहते हैं अपना व्यंग्य-मलिन उपहास<br>तब भी कहते हो-कह डालूँ दुर्बलता अपनी बीती।<br>तुम सुनकर सुख पाओगे, देखोगे-यह गागर रीती।<br>1) कवि की जीवन गाथा कैसी है ?अनुपयुक्त विकल्प छाँटकर लिखिए -<br>क) अभावों से युक्त ख)कष्टों से युक्त ग)निराशा से युक्त घ)सुख साधनों से युक्त<br>(ii) कवि जीवन की दुर्बलताओं को क्यों नहीं लिखना चाहते ?<br>क) दूसरे लोग कवि का मज़ाक उड़ाएँगे (ख) कवि के पास समय नहीं<br>ग) अपनी कमज़ोरियों को जग-जाहिर नहीं करना चाहते घ) (क) तथा (ग) दोनों सही हैं<br>(iii) कवि ने अपने मन को क्या कहा है?<br>(क) गागर (ख) मधुप (ग) नीलिमा (घ) इतिहास<br>(iv) 'गागर रीति' किसका प्रतीक है?<br>क) असफल जीवन का ख) सफल जीवन का ग) खाली घड़े का घ) दुखी जीवन का<br>(v) दूसरी पंक्ति में 'पत्तियाँ' शब्द किसके लिए आया है<br>(क) हरे-हरे पत्तों के लिए (ख) धन के लिए<br>(ग) जीवन में मिलने वाले सुख तथा आनंद के लिए<br>(घ) जीवन में मिलने वाले दुख तथा पीड़ा के लिए | 1×5 |
| 10 | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 से 30 शब्दों में लिखिए-**<br>क) लक्ष्मण ने धनुष टूटने के किन कारणों की संभावना व्यक्त करते हुए राम को निर्दोष बताया?<br>ख)गोपिया योग संदेश को कैसे लोगों के लिए उपयुक्त मानती है?<br>ग)कृष्ण के प्रति अपने अनन्य प्रेम को गोपियों ने किस प्रकार अभिव्यक्त किया है? | 2×3 |
| 11 | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 6 से 7 पंक्तियों में दें-**<br>i) एक संवेदनशील युवा नागरिक की हैसियत से विज्ञान दुरुपयोग रोकने में आप की क्या भूमिका हो सकती है?<br>ii) मां के प्रति अधिक लगाव न होते हुए भी विपत्ति के समय भोलानाथ मां के आंचल में ही प्रेम और शांति पाता है। ऐसा सभी बच्चों के साथ होता है ।आप बड़े होकर अपनी मां का सहारा कैसे बनेंगे? | 4×2 |
| 12 | **खंड घ (रचनात्मक लेखन)**<br>क) सड़क दुर्घटनाएं: जिम्मेदार कौन?<br>संकेत बिंदु -आधुनिक युग एवं व्यस्तता व समय की कमी, समय की कमी में वाहन की गति का बढ़ना, यातायात नियमों की उपेक्षा, नशे की हालत में या लापरवाही से गाड़ी चलाना, यातायात नियमों का पालन आवश्यक<br>ख) वर्तमान जीवन शैली और स्वास्थ्य<br>संकेत बिंदु:-भूमिका,प्रभाव ,कारण, बचाव।<br>ग) मोबाइल फोन: लाभ या हानि<br>संकेत बिंदु-विज्ञान की अनोखी देन ,सूचना क्रांति में महत्वपूर्ण भूमिका ,लाभ -हानि , विवेकपूर्ण प्रयोग करने की सलाह | 6 |

| | | |
|---|---|---|
| 13 | किसी दैनिक समाचार पत्र के संपादक के नाम पत्र लिखिए जिसमें वृक्षों की कटाई रोकने के लिए सरकार का ध्यान आकर्षित किया गया हो।<br>**अथवा**<br>विद्यालय के गेट पर आधी छुट्टी के समय ठेले और रेहड़ी वालों द्वारा जंक फूड बेचे जाने की शिकायत करते हुए प्रधानाचार्य को पत्र लिखकर उन्हें रोकने का अनुरोध कीजिए। | 5 |
| 14 | अपने मुख्याध्यापक को छात्रवृत्ति के लिए ईमेल लिखिए।<br>**अथवा**<br>आपने 25 रजिस्टर ऑनलाइन आर्डर किए थे। जो एक सप्ताह में पहुँचने चाहिए थे ,पर 10 दिन बीत जाने पर भी आपको प्राप्त नहीं हुए हैं।ई-कामर्शियल कंपनी को अपना ऑर्डर रद्द करने के लिए ईमेल लिखिए। | 5 |
| 15 | पर्यावरण दिवस के अवसर पर अपने सहपाठियों को वृक्षारोपण के लिए प्रोत्साहित करते हुए संदेश लिखिए।<br>**अथवा**<br>शिक्षक दिवस पर अपने अध्यापक को शुभकामना संदेश लिखिए। | 4 |

**ओ एस डी ए वी पब्लिक स्कूल, कैथल**

**सितंबर परीक्षा (2024)**

**विषय: हिंदी Set A**

**कक्षा : दसवीं**

| Q.No. | अपेक्षित मूल्यांकन बिंदु | निर्धारित अंक(80) |
|---|---|---|
| 1 | (1)(ख) मातृभाषा में चिकित्सा शिक्षा देने वाले देश।<br>(2)(क) 1 सही है।<br>(3)(ग) कथन सही है और कारण कथन की सही व्याख्या है।<br>(4) सरकार द्वारा मातृभाषा के विकास के लिए कोई ठोस उपाय न करना।<br>(5) मातृभाषा में शिक्षा देना तथा शिक्षा का सरलीकरण करना। | 1×3=3<br>2×2=4 |
| 2 | (1)(क) परिश्रमी<br>(2)(ग) कथन व कारण सही है और कथन कारण की सही व्याख्या नहीं है।<br>(3) (ग) धरती को साड़ी पहनाते।<br>(4) किसान अपनी फसल से प्रेम करते हैं इसलिए किसानों को फसलों का रसिया कहा गया है।<br>(5) सर्दी गर्मी में भी अपने खेतों में कड़ी मेहनत करके। | 1×3=3<br>2×2=4 |
| 3 | (1) सरल वाक्य<br>(2) जब सूर्योदय हुआ तब पक्षी पहचाने लगा।<br>(3) अध्यापक ने कक्षा में आते ही पढ़ना शुरू कर दिया।<br>(4) भोर हो गई परंतु लोगों ने बाल गोविंद भगत का गीत नहीं सुना | 1×4=4 |
| 4 | (1) हमारे द्वारा यहां अधिक देर तक नहीं ठहरा जाएगा / जा सकेगा।<br>(2) कर्तृवाच्य।<br>(3) मन्नू भंडारी ने पारिभाषिक अर्थ में कोई सिलसिलेवार आत्मकथा नहीं लिखी।<br>(4) नवाब साहब द्वारा संगति के लिए उत्साह नहीं दिखाया गया। | 1×4=4 |
| 5 | (1) व्यक्तिवाचक संज्ञा ,एकवचन, स्त्रीलिंग , कर्ता कारक।<br>(2) अन्य पुरुषवाचक स्त्रीलिंग एकवचन कर्ता कारक।<br>(3) सकर्मक क्रिया, स्त्रीलिंग,एकवचन, भूतकाल , कर्तृवाच्य।<br>(4) निश्चित संख्यावाचक विशेषण,स्त्रीलिंग,एकवचन , विशेष्य-कक्षा | 1×4=4 |
| 6 | (1) उपमा अलंकार<br>(2) उत्प्रेक्षा<br>(3) मानवीकरण<br>(4) अतिशयोक्ति | 1×4=4 |

| | | |
|---|---|---|
| 7 | **(1)(ग) डिब्बा पूर्णतः खाली होगा।**<br>**(2)(ख) डिब्बे में नवाब साहब बैठे थे। (घ) डिब्बा निर्जन नहीं था।**<br>**(3)(घ दो ताजे चिकने खीरे तौलिए पर रखे थे।**<br>**(4) (क) उनके एकांत चिंतन में बाधा उत्पन्न हो गई ।**<br>**(5) (घ) बातचीत के लिए।** | 1×5=5 |
| 8 | **(क) कैप्टन के प्रति पानवाले की व्यंग्यात्मक टिप्पणी उचित नहीं है ।पानवाले को कैप्टन का मजाक नहीं उड़ाना चाहिए। पान वाले द्वारा इस तरह से एक अपाहिज का मजाक उड़ाया जाना अच्छी बात नहीं है।**<br>**(ख) विधवा पुनर्विवाह, औरतों द्वारा मुखाग्नि न देना।**<br>**(ग) लेखिका के अनुसार फ्लैट कल्चर असुरक्षित, संकुचित और असहाय है ।फ्लैट कल्चर के बहुत से दुष्परिणाम है ।इसके विपरीत परंपरागत पड़ोस कल्चर सुरक्षित है ,आनंद पूर्ण है ,और जीवन का विकास है।** | 2×3=6 |
| 9 | **(1)(घ) सुख साधनों से युक्त**<br>**(2)(घ) क और ग दोनों**<br>**(3)(ख) मधुप**<br>**(4)(क) असफल जीवन का।**<br>**(5)(ग) जीवन में मिलने वाले सुख और आनंद के लिए ।** | 1×5=5 |
| 10 | **(क)धनुष बहुत पुराना था। राम के द्वारा छूते ही टूट गया। इसमें राम का कोई दोष नहीं है।**<br>**(ख) कवि का मन चकरी से आशय से जिसके मन में चकरी हो अर्थात जिसका मन अस्थिर बुद्धि वाला हो। जिसका मन चंचल हो ।कवि के अनुसार योग की शिक्षा उन्हें नहीं दी जानी चाहिए। गोपियों का मन तो पहले से ही श्री कृष्ण के प्रेम भाव में स्थिर है ,उन्हें योग साधना की आवश्यकता नहीं है।**<br>**(ग) गोपियों के हृदय में कृष्ण के प्रति अगाध प्रेम है।वह कृष्ण के प्रेम में इस प्रकार उलझी हुई है जिस प्रकार चींटी गुड़ पर लिपट जाती हैं और फिर वहां से कभी छूट नहीं पाती। गोपियों को ऐसा प्रतीत होता है कि उनका मन श्री कृष्ण के साथ ही मथुरा चला गया है ।वे हारिल पक्षी के तिनके के समान मन, वचन और कर्म से उनसे जुड़ी हुई थी। उनका श्री कृष्ण के प्रति प्रेम अनन्य है। वे दिन- रात सोते- जागते उन्हें याद करती हैं।** | 2×3=6 |
| 11 | **1** प्लास्टिक थैलियों का प्रयोग न करना, खेतों में रासायनिक पदार्थ के प्रयोग से बचाना, सार्वजनिक वाहनों का अधिक से अधिक प्रयोग करना, जैविक खेती को प्राथमिकता देना, वैज्ञानिक साधनों का सदुपयोग करना।<br>**2** मां बच्चे का पालन पोषण करती है। बच्चों को अपनी मां से बहुत लगाव होता है।मां बच्चे की भावनाओं को अच्छी तरह समझती है। पिता भी बच्चों से प्रेम करता है परंतु मुसीबत के समय बच्चा सबसे पहले अपनी मां को ही याद करता है और अपने आप को सुरक्षित महसूस करता है। हम बड़े होकर मां का सहारा बनेंगे। उनकी सेवा करेंगे। कभी उनका दिल नहीं दुखाएंगे। उनके कहे पर चलकर अच्छा इंसान बनेंगे। पढ़ लिखकर माता-पिता का नाम रोशन करेंगे। | 4×2=8 |
| 12 | **अनुच्छेद लेखन,**<br>**भूमिका, विषयवस्तु, भाषा शुद्धता** | 6 |

| | | |
|---|---|---|
| 13 | **पत्र लेखन**<br>**प्रारुप (आरंभ और अंत की औपचारिकता),विषयवस्तु,भाषा शुद्धता** | 5 |
| 14 | **ईमेल लेखन**<br>**प्रारुप (आरंभ और अंत की औपचारिकता),विषयवस्तु,भाषा शुद्धता** | 5 |
| 15 | **संदेश**<br>**प्रारुप (आरंभ और अंत की औपचारिकता),विषयवस्तु,भाषा शुद्धता** | 4 |
| | | |

**ओ एस डी ए वी पब्लिक स्कूल, कैथल**
**सितंबर परीक्षा (2024)**
**विषय: हिंदी Set B**
**कक्षा : दसवीं**

| Q.No. | अपेक्षित मूल्यांकन बिंदु | निर्धारित अंक(80) |
|---|---|---|
| 1 | (1)(ग) बाल श्रम को समाप्त करना केवल सरकार का दायित्व है।<br>(2)(ग) कथन सही है और कारण कथन की सही व्याख्या है।<br>(3)(ख) कथन(i) सही है और (ii) गलत है।<br>(4) गरीबी ,बेरोजगारी, माता-पिता के पास धन न होना ,शिक्षा का अभाव, सरकार की अनदेखी।<br>(5) केवल अपने बारे में सोचना, संवेदनहीनता,दूसरों की पीड़ा को न समझना। | 1×3=3<br>2×2=4 |
| 2 | (1)(ख) राहगीर<br>(2)(ग) महापुरुषों के अच्छे कार्यों की यादें।<br>(3) (घ) कथन व कारण सही है और कथन कारण की सही व्याख्या नहीं है।<br>(4) हमने जो रास्ता चुना है सही है या गलत ,अच्छा है या बुरा।<br>(5) चुने हुए रास्ते को सही मानकर चलने से। | 1×3=3<br>2×2=4 |
| 3 | (1) सरल वाक्य<br>(2) जब बारिश शुरू हुई तब बिजली चमकने लगी।<br>(3) नेताजी की आंखों पर लगा चश्मा संगमरमर का नहीं था।<br>(4) उसे जमाने में घर की दीवारें घर तक ही समाप्त नहीं होती थी बल्कि पूरे मोहल्ले तक फैली रहती थी। | 1×4=4 |
| 4 | (1) मेरे द्वारा चला नहीं जा सकता।<br>(2) कर्तृवाच्य ।<br>(3) अंग्रेजी का यह उपन्यास मैं नहीं पढ़ सकता।<br>(4) आपके द्वारा कविताएं लिखी गई होंगी। | 1×4=4 |
| 5 | (1) उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम ,एकवचन ,स्त्रीलिंग , कर्ता कारक।<br>(2) व्यक्तिवाचक संज्ञा ,एकवचन, स्त्रीलिंग , कर्ता कारक।<br>(3) निश्चित संख्यावाचक विशेषण , पुल्लिंग ,बहुवचन, विशेष्य– बच्चों।<br>(4) अकर्मक क्रिया, पुल्लिंग,एकवचन, भूतकाल , कर्तृवाच्य। | 1×4=4 |
| 6 | (1) उपमा अलंकार<br>(2) उत्प्रेक्षा<br>(3) रूपक | 1×4=4 |

| | | |
|---|---|---|
| | **(4) मानवीकरण** | |
| 7 | **(1)(घ) काटना, नमक मिर्च डालकर खीरे को सूंघकर फेंक देने को।**<br>**(2)(ख) केवल सूंघकर संतुष्टि प्राप्त कर लेना**<br>**(3)(क) खीरा लजीज होता है।**<br>**(4) (ग) यह आमाशय पर बोझ डालता है।**<br>**(5) (ख) लेखक ने जाना कि इच्छा मात्र से नई कहानी बन सकती है।** | 1×5=5 |
| 8 | **(क) मूर्ति पर सरकंडे का चश्मा बच्चों में देशभक्ति की भावना को दर्शाता है।**<br>**(ख) भगत द्वारा नियमों का दृढ़ता से पालन करना,सुबह-शाम स्नान करना, गीत गाना, नियमों को अनदेखा न करना।**<br>**(ग) लेखिका के अनुसार फ्लैट कल्चर असुरक्षित, संकुचित और असहाय है ।फ्लैट कल्चर के बहुत से दुष्परिणाम है ।इसके विपरीत परंपरागत पड़ोस कल्चर सुरक्षित है ,आनंद पूर्ण है ,और जीवन का विकास है।** | 2×3=6 |
| 9 | **(1)(घ) उपर्युक्त सभी**<br>**(2)(ग) लोगों की सोच पर**<br>**(3)(ग) वह पल उनके निजी पूंजी हैं**<br>**(4)(ग) किसी ने कभी के साथ विश्वासघात किया और स्वयं सुखी जीवन जी रहा है।**<br>**(5)(घ) वे अपनी उपलब्धियां को गिनाना नहीं चाहते ।** | 1×5=5 |
| 10 | **(क) कवि का मन चकरी से आशय से जिसके मन में चकरी हो अर्थात जिसका मन अस्थिर बुद्धि वाला हो। जिसका मन चंचल हो ।कवि के अनुसार योग की शिक्षा उन्हें नहीं दी जानी चाहिए। गोपियों का मन तो पहले से ही श्री कृष्ण के प्रेम भाव में स्थिर है ,उन्हें योग साधना की आवश्यकता नहीं है।**<br>**(ख) धनुष बहुत पुराना था। राम के द्वारा छूते ही टूट गया। इसमें राम का कोई दोष नहीं है।**<br>**(ग) गोपियों के हृदय में कृष्ण के प्रति अगाध प्रेम है।वह कृष्ण के प्रेम में इस प्रकार उलझी हुई है जिस प्रकार चींटी गुड़ पर लिपट जाती हैं और फिर वहां से कभी छूट नहीं पाती। गोपियों को ऐसा प्रतीत होता है कि उनका मन श्री कृष्ण के साथ ही मथुरा चला गया है ।वे हारिल पक्षी के तिनके के समान मन, वचन और कर्म से उनसे जुड़ी हुई थी। उनका श्री कृष्ण के प्रति प्रेम अनन्य है। वे दिन- रात सोते- जागते उन्हें याद करती हैं।** | 2×3=6 |
| 11 | 1 प्लास्टिक थैलियों का प्रयोग न करना, खेतों में रासायनिक पदार्थ के प्रयोग से बचाना, सार्वजनिक वाहनों का अधिक से अधिक प्रयोग करना, जैविक खेती को प्राथमिकता देना, वैज्ञानिक साधनों का सदुपयोग करना।<br>2 मां बच्चे का पालन पोषण करती है। बच्चों को अपनी मां से बहुत लगाव होता है।मां बच्चे की भावनाओं को अच्छी तरह समझती है। पिता भी बच्चों से प्रेम करता है परंतु मुसीबत के समय बच्चा सबसे पहले अपनी मां को ही याद करता है और अपने आप को सुरक्षित महसूस करता है। हम बड़े होकर मां का सहारा बनेंगे। उनकी सेवा करेंगे। कभी उनका दिल नहीं दुखाएंगे। उनके कहे पर चलकर अच्छा इंसान बनेंगे। पढ़ लिखकर माता-पिता का नाम रोशन करेंगे। | 4×2=8 |
| 12 | **अनुच्छेद लेखन,**<br>**भूमिका, विषयवस्तु, भाषा शुद्धता** | 6 |

| | | |
|---|---|---|
| 13 | **पत्र लेखन**<br>**प्रारुप (आरंभ और अंत की औपचारिकता),विषयवस्तु,भाषा शुद्धता** | 5 |
| 14 | **ईमेल लेखन**<br>**प्रारुप (आरंभ और अंत की औपचारिकता),विषयवस्तु,भाषा शुद्धता** | 5 |
| 15 | **संदेश**<br>**प्रारुप (आरंभ और अंत की औपचारिकता),विषयवस्तु,भाषा शुद्धता** | 4 |
| | | |